2017

ELECTIVE HINDI

(Hindi Kavya-Dhara)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) 'रश्मिरथी' किसकी रचना है?

(ख) "मैं पूछता हूँ—यह तीसरा आदमी कौन है?" किस कविता की पंक्ति है?

(ग) 'बंदह नंद किसोरा' यहाँ 'नंद किसोरा' कौन है?

(घ) 'देखन में छोटे लगे घाव करे गंभीर' यह किसकी रचना है?

(ङ) 'अंधायुग' काव्य-नाटक किस घटना पर आधारित है?

(च) 'अज्ञेय' का संपूर्ण नाम क्या है?

(छ) "निजभाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल"—किसकी उक्ति है?

2. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) केशवदास की किन्हीं दो रचनाओं का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) भूषण की दो साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए।

(ग) 'काठ की घण्टियाँ' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'अकाल और उसके बाद' के रचयिता का वास्तविक नाम उल्लेख करते हुए कविता का आशय स्पष्ट कीजिए।

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर प्रस्तुत कीजिए : 5×3=15

(क) 'निजभाषा उन्नति' का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'टूटा हुआ पहिया' कविता के शीर्षक की सार्थकता बताइए।

(ग) विद्यापति का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय दीजिए।

(घ) "केशवदास रीतिकाल के श्रेष्ठ कवि हैं।" उक्ति की सार्थकता प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) 'सावन मेघ' कविता के माध्यम से अज्ञेय की साहित्यिक विशेषताओं पर विश्लेषण कीजिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

कुल गोत्र नहीं साधन मेरा
पुरुषार्थ एक बस धन मेरा
जीवन का मूल समझता हूँ
धन को मैं धूल समझता हूँ।

अथवा

दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठी घर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद

5. घनानंद के व्यक्तित्व और साहित्यिक कृतित्व का परिचय प्रस्तुत कीजिए। 10

अथवा

मीराबाई के साहित्यिक व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

6. 'रश्मिरथी' काव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

'मधुशाला' के कवि की साहित्यिक विशेषताओं की आलोचना कीजिए।

★★★